# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–सरगुजा छ0ग0

क्र./4018/IDSP/2026 अम्बिकापुर दिनॉक 06/06/2026

प्रति,

संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेंवाए एवं परिवार कल्याण विभाग
स्वास्थ्य भवन अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग)

विषय :– समाचार पत्र में प्रकाशित जिला सरगुजा के विकास खण्ड मैनपाट में 5 मृत्यु की जानकारी के संबंध में

––00––

उपरोक्त विषर्यान्तर्गत लेख है कि समाचार पत्रों में जिला सरगुजा के मैनपाट में पिलिया से मृत्यु की खबर प्रकाशित हुई थी उक्त के संबंध में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण किया गया जिसमें मरीजों के घर का भ्रमण संभावित मरीजों की जॉच , जल स्त्रोतों का नमुना संग्रहण, बर्वल ऑटोप्सी तथा अन्य कार्य किया गया जिसंका विवरण निम्नानुसार है–

| क्र | मृतक का नाम/पता/विवरण | Hepatitis की स्थिति | मृत्यु का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जितेन्द्र यादव पिता कमुन्दर यादव उम्र 30 वर्ष पुरूष ग्राम कुनिया | Acute Liver Failure | वर्बल आटाप्सी तथा अस्पताल के रिपोर्ट के आधार पर इनके मृत्यु Septic shock (MODS) के कारण हुई। |
| 2. | श्रीमती भगवती यादव, पति राधेश्याम यादव, उम्र 44 वर्ष ग्राम बरिमा | पीलिया की पुष्टि एम्स रायपुर से की गई। रिपोर्ट अप्राप्त | एम्स रायपुर में मृत्यु का कारण Liver में सुजन तथा पीलिया बताया गया। |
| 3 | विकास यादव पिता सत्यप्रकाश यादव उम्र 16 वर्ष पटेलपारा बरिमा | हेपेटाईटिस ए | वैदेही अस्पताल रायपुर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर इनकी मृत्यु कार्डियो रेंस्पिरेटरी अरेस्ट से हुई। |
| 4 | विकास यादव पिता अजीत यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम नर्मदापुर | हेपेटाईटिस नही था। | यह बचपन से सिकलिंग का मरीज था। आई.एल.एस अस्पताल रायपुर में ईलाज के दौरान इनकी मृत्यु हुई। |
| 5 | आकांक्षा यादव पिता परमा यादव उम्र 21 वर्ष ग्राम केसरा | हेपेटाईटिस नही था। | यह टीवी की पुराने मरीज थी जिसका ईलाज होलीक्रास अस्पताल में चल रहा था। बहुत साल से सांस लेने में परेशानी थी दिनॉक 08 मई को ईलाज हेतु अम्विकापुर जातें समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। |

नोटः–

1 समाचार पत्र में प्रकाशित उक्त 5 मृत्यु का कारण अलग अलग परिलक्षित होता है सभी अलग अलग पारे/ग्राम से सम्बध्ति है जिनकी दूरी 15 से 20 किलो मीटर लगभग है। स्वास्थ्य अमले द्वारा सभी धरो का भ्रमण करने पर यह संज्ञान में आया है कि मृतको के परिवार के किसी भी सदस्य को पीलिया अथवा हेपोटाईटिस के लक्षण नही है अतः पानी के स्रोत से संक्रमण होना परिलक्षित नही होता।

संलग्न – सभी मृतको की वर्बल ऑटोप्सी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। तथा पानी के समस्त स्त्रोतो के क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामु0स्वा0केन्द्र नर्मदापुर
जिला सरगुजा (छ.ग)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सरगुजा (छ.ग)

क्र. /       / IDSP / 2026                                                    अम्बिकापुर दिनॉक       /       / 2026

प्रतिलिपी

1.कलेक्टर जिला सरगुजा छ0ग0 की ओर सादर सूचनार्थ।

2 संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संभाग सरगुजा की ओर सादर सूचनार्थ।

3 जिला जन सम्पर्क अधिकारी सरगुजा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामु0स्वा0केन्द्र नर्मदापुर
जिला सरगुजा (छ.ग)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सरगुजा (छ.ग)